राजस्थान पत्रिका : पृष्ठ नं 02, दिनांक : १४.०२.२०२४

# मेट्रो रेल प्रोजेक्ट-3 : नर्मदा मुख्य नहर पर ब्रिज निर्माण अंतिम चरण में



**अहमदाबाद** मेट्रो रेल प्रोजेक्ट 3 के तहत शहर के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम से गांधीनगर के सेक्टर-1 के सेक्शन में नर्मदा मुख्य कैनाल पर ब्रिज का काम अंतिम चरण में है। नर्मदा कैनाल के दोनों ओर एक्स्ट्रा डोज्ड केबल स्टेड ब्रिज का कार्य जल्द ही खत्म होगा। इस सेक्शन पर मेट्रो ट्रेन के ट्रायल आरंभ करने को लेकर काम जोरों पर चल रहा है। इस केबल स्टेड ब्रिज का सेन्ट्रल स्पैन 145 मीटर और 79 मीटर का एंड स्पैन है, साथ ही 28.1 मीटर ऊंचाई के दो तोरण (पायलोन्स) हैं। तोरण व 105 सेगमेंट में से 100 सेगमेंट का काम पूरा हो चुका है। ब्रिज का कार्य भी जल्द ही खत्म हो जाएगा। अब ट्रैक बिछाने का काम होगा। मार्च-अप्रेल में ट्रेन के ट्रायल आरंभ हो जाएंगे।